कार्यवाही | छिंदवाड़ा में सिरप के सेवन से 10 बच्चों की हो चुकी हैं मौतें

# कोल्ड्रिफ कफ सिरप कांड : कटारिया फार्मासिटिकल्स सील

**सिरप में डायएथिलीन ग्लाईकॉल की मात्रा थी अधिक**
**भोपाल से आई रिपोर्ट में हुई पुष्टि, मौत की वजह बना सिरप**



**नवभारत,जबलपुर।** भोपाल भेजे गए कोल्ड्रिफ सिरप के सैंपल की जांच में दवा अमानक पाए जाने के बाद रविवार को दवा बाजार स्थित कटारिया फार्मासिटिकल्स को सील कर दिया गया। भोपाल से आई लैब रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि सिरप का सैंपल मानक के अनुरूप नहीं था और यही छिंदवाड़ा जिले में 10 बच्चों की मौत का कारण बना। उक्त कार्रवाई तहसीलदार तहसीलदार रांझी आदर्श जैन, ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण पटैल के नेतृत्व में की गई है। गौरतलब है कि जबलपुर की कटारिया फार्मासिटिकल्स ने चेन्नई की कंपनी से 660 कोल्ड्रिफ कफ सीरप की शीशियां मंगाई गई थी। जिसमें से सिरप की 554 शीशियां छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को जबलपुर से भेजी गईं थीं। शेष 66 शीशियां बची हुई थी, जिसमें से 16 शीशियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि सिरप में डायएथिलीन ग्लाईकॉल की मात्रा थी अधिक थी जिसका बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा।

### कोल्ड्रिफ सिरप की बिक्री पर रोक

जानकारी के अनुसार कोल्ड्रिफ सिरप पीने से छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत हुई थी, यह दवा जबलपुर के कटारिया फार्मा से ही सप्लाई की गई थी। ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान कटारिया फार्मा पर उपलब्ध कोल्ड्रिफ के शेष स्टॉक की खरीदी बिक्री को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया है और साथ ही इस फर्म द्वारा जहां दवाई सप्लाई की गई थी, उन फर्मों से भी इस दवाइयों के क्रय विक्रय को पूर्णत: प्रतिबंध करवा दिया गया है। विदित हो कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत के बाद मप्र शासन ने पूरे राज्य में इस सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी थी।

### जवाबदारों पर दर्ज हो हत्या का मामला:कांग्रेस

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष( ओबीसी विभाग )पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि ब्लैक लिस्टेड कंपनी को कैसे सिरप बना रहा था कहीं ऐसा तो नहीं चंदा दो धंधा लो की तर्ज पर दवा माफिया खेल कर रहा और सरकारी सिस्टम और ड्रग कंट्रोलर स्वास्थ्य विभाग इतने दिनों तक क्यों सोता रहा ? मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, प्रदेश महासचिव रामदास यादव, विजय अग्रवाल, डॉ मोइन अंसारी ,मामूर गुड्डू ,पी पी पटेल, राजू तोमर, राजेश पटेल, संजू ठाकुर, धर्मेंद्र कुशवाहा, अशोक चौधरी, पवन नामदेव आदि ने कहां की जहरीले सिरप से जिनकी लापरवाही के कारण 12 बच्चों की मौत हुई जांच कर दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज हो।

### इनका कहना है

दवा बाजार स्थित कटारिया फार्मासिटिकल्स होलसेलर की दुकान से छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप की सप्लाई की गई थी जो कि बच्चों की मौत का कारण बना है। इसी मामले में लैब से रिपोर्ट आने के बाद तहसीलदार और ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण पटैल के द्वारा दुकान को सील कर दिया गया है।

**संजय मिश्रा, सीएमएचओ, जबलपुर**

# यूपी निवासी तीन को पुलिस ने किया तलब

**ट्रिपल आईटी छात्रावास से गिरे छात्र की मौत का मामला, हत्या या आत्महत्या एंगल पर चल रही जांच**



**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत ट्रिपल आईटी की बिल्डिंग से 30 सितम्बर को संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरे छात्र की मौत का मामला अब भी अनसुलझा हुआ है। 2 अक्टूबर को बीडीडीएस और पुलिस की टीम ने छात्रावास पहुंचकर कैम्पस में सर्चिंग कर मेटल डिटेक्टर की मदद से मृतक छात्र का मोबाइल झाड़ियों से ढूंढ निकाला था लेकिन मोबाइल बंद अवस्था में मिला। मोबाइल की फॉरेंसिंक जांच के साथ डाटा रिकवर कराया जा रहा है। मामले की जांच हत्या, आत्महत्या एंगल पर चल रही है। मोबाइल की पुलिस ने कॉल डिटेल निकलवा ली हैं साथ ही संदिग्ध नंबरों को भी चिहिन्त कर लिया गया है। यूपी निवासी तीन लोगों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है जिनके बयान दर्ज होंगे। विदित हो कि उत्कर्ष तिवारी पिता चन्द्र कुमार तिवारी 19 वर्ष निवासी बरपुर बलवरगंज जैनपुर उत्तर प्रदेश का ट्रिपल आईटी में डीएम का छात्र था। 30 सितम्बर को मंगलवार दोपहर 12.30 बजे वह अचानक बिल्डिंग से गिर गया था। हादसे में उसे सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई थी। जिसे एम्बुलेंस से घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गया गया जहां दोपहर 1 बजे डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। एक अक्टूबर को उप्र से जबलपुर पहुंचे मृतक के परिजनों हत्या का आरोप लगाया था।

### बयान, जांच में देरी उलझा प्रकरण

मामले में पुलिस ने स्क्योरिटी इंचार्ज और केयरटेकर के अलावा छात्रों के बयान दर्ज कर लिए है। हालांकि अभी परिजनों के बयान बाकी है। साथ ही मामले की जांच में देरी औरप्रकरण से जुड़े अन्य के बयान दर्ज नहीं होने से लेकर मोबाइल बंद अवस्था में मिलने, डाटा रिकवर करने में समय लगने के कारण प्रकरण उलझ गया है। परिजनों ने मृतक छात्र की रैगिंग और हत्या का आरोप लगाया था। कॉलेज प्रबंधन का कहना था कि छात्र एजुकेशन लोन को लेकर परेशान था। वहीं पुलिस मामले को सुसाइड मानकर चल रही है।

### शॉट पीएम रिपोर्ट मिली, विस्तृत बाकी

पुलिस और साइबर टीमें मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। उत्कर्ष ने अंतिम बार किससे और कितनी देर बात की साथ ही अधिक समय तक उसकी किस-किस से बातचीत होती थी ऐसे नंबरों को पुलिस ने चिन्हित किया है। जिनमें से तीन ऐसे नंबर है जिनसे छात्र सबसे ज्यादा बातचीती करता था और सभी यूपी निवासी है। वहीं मृतक की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट तो मिल गई है जिसमें उसके शरीर में कई जगह इंजरी थी, उसके शरीर की कई हड्डियां टूटी थी हालांकि विस्तृत रिपोर्ट अभी आना बाकी है।

# फर्जी अपहरण कांड में लगेगा खात्मा

**▶ बरेला पुलिस ने प्रक्रिया की शुरू, पटकथा रचने वालों पर भी दर्ज होगा प्रकरण**

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र में 23 सितम्बर को बम्हनौदा निवासी युवक ने पिता को रिटायरमेंट में मिले रूपये हड़पने के लालच में षडयंत्र रचते हुए दोस्तों के साथ मिलकर स्वयं का अपहरण करवा लिया था और चार लाख की फिरौती मांगी थी। मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर किया था साथ ही साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब इस झूठे अपहरण की रिपोर्ट पर पुलिस खात्मा लगाने की तैयारी में है। साथ ही फर्जी पटकथा रचने वालों पर भी झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की एफआईआर दर्ज करेगी। खात्मा रिपोर्ट पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेश होगी जिसके बाद इसे कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### क्या है मामला

विदित हो कि बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी में 23 सितम्बर को विष्णु पटैल 47 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनौदा बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भतीजा राजकुमार पटैल ने मोबाइल से बताया था कि वह घर वापस आ रहा था जैसे ही वह ग्राम बारहा से बघराज मंदिर के बीच में पहुंचा तो उसे एक 4 पहिया वाहन वाले ने रोककर कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गया, जब उसे होश आया तो पता नहीं था कहां पर है तभी दूसरे व्यक्ति ने उसके भतीजे राजकुमार पटेल से मोबाइल छुड़ाकर उससे 4 लाख रूपये की मांग करते हुये कहने लगा 4 लाख रूपये दे दो और भतीजे को ले जाओ अगर पैसे नहीं दिये तो समझ लेना आगे क्या होगा कहते हुये फोन काट दिया, फिर उसने अपने दूसरे भतीजे आशीष पटेल को फोन लगाया और पूछा कि तुमने राजकुमार को कहां तक छोड़ा था जिसने एकता मार्केट के पुल तक छोडना बताया था। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया था।

### ऐसे हुआ था खुलासा

पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो असपास पूछताछ की तो इस प्रकार की कोई घटना नहीं होना ज्ञात हुआ। राजकुमार पटेल से पूछताछ की गई तो वह बार बार बयान बदलने लगा। सघन पूछताछ गई तो उसने खुलासा किया उसके पिता सिचाई विभाग बरगी से रिटायर हुये है जिन्हें काफी रूपये मिले है रूपए हड़पने के लिए उसने दोस्त रोहित कुण्डे एवं उदय नावले के साथ मिलकर स्वयं के अपहरण का झूठा षडयंत्र रचते हुये फिरौती की मांग करने की योजना बनाई थी। दोस्तों को फिरोती की रकम मिलने पर 10-10 हजार रूपये देने को कहा था।

# करंट लगने से युवक की मौत

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत मातापुर में रविवार को बिजली लाइन की डोरी टूट कर खेत में लगे कटीले तार के ऊपर गिर गई जिसकी चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को पूरनलाल मल्लाह निवासी ग्राम मातापुर ने सूचना दी कि खेती किसानी करता है सुबह लगभग 7 बजे उसका भतीजा हेमराज मल्लाह 35 वर्ष अपना खेत में काम करने जा रहा था जो खेत में लाईट जलाने के लिये डोरी लगाया हुआ था डोरी टूट कर खेत में लगे कटीले तार के ऊपर गिर गई जिसे कटीला तार को पार करते समय धोके से बिजली करंट लगने से गिर गया था जिसे इलाज के लिए बेलखेडा अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने चेक कर हेमराज मल्लाह को मृत घोषित कर दिया।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 13 करोड़ के नए शैक्षणिक भवन का लोकार्पण

**विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी होंगे सम्मानित**



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कल 6 अक्टूबर को जबलपुर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के 13 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन शैक्षणिक भवन का भव्य लोकार्पण करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी के अनुसार महाकोशल कॉलेज में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के 10.05 करोड़ रुपये से बने नये शैक्षणिक भवन का भी लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष राव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी के अनुसार महाविद्यालय के नवीन भवन के लोकार्पण के साथ ही महाविद्यालय परिसर में अधोसरंचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के लिये 3 करोड़ 37 लाख रुपये से बनने वाले भवन का भूमि पूजन भी होगा। उन्होंने बताया कि लोकार्पण समारोह के साथ ही महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, सांस्कृतिक, नवाचार एवं सामाजिक सेवा क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

### नवीन शैक्षणिक भवन में 19 व्याख्यान कक्ष

प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल कॉलेज के नवीन शैक्षणिक भवन में कुल 19 व्याख्यान कक्ष, प्रशासनिक ब्लॉक, स्मार्ट कक्षाएँ, पुस्तकालय, प्रयोगशालायें एवं कॉमन रूम जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि यह अवसर महाकौशल महाविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा। लगभग 1500 विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षाविद एवं नागरिक इस अवसर के साक्षी बनेंगे।

### मंत्री नारायन सिंह कुशवाह का आगमन आज

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह का सोमवार आज सुबह भोपाल से इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस से जबलपुर आगमन होगा। श्री कुशवाह यहाँ सुबह 10 बजे मानस भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 1.50 बजे कार द्वारा गोटेगांव प्रस्थान करेंगे।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57